# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416
मो. : 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com


पत्रांक : ..................                                                                                    दिनांक : 07.02.2016

### प्रकाशनार्थ

**व्यक्तित्व निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना अहम है।** युवाओं के भविष्य का निर्धारण बहुत सीमा तक उनके प्रशिक्षण पर निर्भर है। आज के ज्ञान कौशल के युग में यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। युवाओं में राष्ट्रीय सेवा योजना न केवल व्यक्ति का सर्वांगीण विकास में सहयोगी है बल्कि राष्ट्र और समाज को आगे बढ़ाने में महती भूमिका का निर्वहन करता है। युवा शक्ति ही देश के भविष्य का आधार होती है। युवाओं की इस शक्ति को राष्ट्र की सेवा और विकास की दिशा में लगाने तथा संवेदनशील नागरिक बनाने में इस प्रकार के आवासीय शिविर उल्लेखनीय साबित होंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से श्रम जैसे महत्वपूर्ण विषय के प्रति निष्ठा और श्रद्धा का भाव पैदा किया जा सकता है। उक्त बातें महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के गुरू श्रीगोरक्षनाथ एवं हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के **समापन समारोह** में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के **राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. अजय शुक्ल** ने कही।

समापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए **दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के आचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह** ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में चलाया जाने वाला एक बहुउद्देश्यीय कार्यक्रम है जिसके अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों एवं मलिन बस्तियों का चयन कर कार्यक्रम के द्वारा राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थी अपना योगदान देता है। भारत गांवों का देश है और आज भी गांव मूलभूत सुविधाओं से जहां एक ओर वंचित हैं वहीं दूसरी ओर शैक्षिक और सामाजिक अजागरूकता उसमें और संकट खड़ा कर रहा है। गांवों को करीब से देखने और समझने का शुभ अवसर राष्ट्रीय सेवा योजना उपलब्ध कराता है, साथ ही युवाओं में आन्तरिक प्रतिभा को निखारने में भी राष्ट्रीय सेवा योजना का मंच महत्वपूर्ण है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्ति में संवेदना और संस्कार स्थापित करता है।

समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के **प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव** ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें अपने निर्णयों में विश्वास और उस पर दृढ़ रहना सिखाता है।

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416
मो. : 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक : ....................

दिनांक : 07.02.2016

राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य अभावमयी जीवन को प्रसन्नतापूर्वक जीना है। इस सात दिवसीय विशेष शिविर के माध्यम से स्वयं सेवक/सेविकाएं सामुदायिक साहचर्य के साथ ही साथ परोपकार एवं सहयोग की प्रवृत्ति को यदि अपने जीवन का अंग बना लें तो यह उनके भावी जीवन को निरन्तर पुष्पित एवं पल्लवित करता रहेगा।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए **प्राचीन इतिहास के प्रभारी सुबोध कुमार मिश्र** ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य ही **"नाट मी बट यू"** है। अपने लिए तो सभी जीते हैं, इंसान वही है जो दूसरों के लिए जीये। स्व उत्थान के साथ–साथ व्यक्ति को सर्वोत्थान की भावना भी अपने अन्दर जागृत करनी चाहिए। इसी से एक स्वस्थ एवं सौहार्द्रपूर्ण समाज की स्थापना सम्भव है।

इसके पूर्व स्वयं सेवक/सेविकाओं ने प्रभावपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संचालन डॉ. अविनाश प्रताप सिंह एवं आभार डॉ. यशवंत कुमार राव ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर सुश्री दीप्ती गुप्ता, श्री आशीष राय, डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह, निशा वर्मा, प्रियंका गुप्ता, सुशील सिंह, श्वेता सिंह, सुचित्रा, रंजन, दिनेश, ज्ञान प्रताप, फजले अख्तर, अजरूद्दीन अली सहित स्वयं सेवक/सेविकाएं उपस्थित रहें।

(डॉ. प्रकाश प्रियदर्शी)
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी